>

Title: Need to approve medical college in Urai, Uttar Pradesh by Medical Council of India.

श्री घनश्याम अनुरागी (जालौन): माननीय सभापति जी, मुझे यहां से बोलने की अनुमति दी जाये।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं आपका आभारी हूं। मैं बुन्देलखण्ड से आता हूं। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में आज सदन में काफी चर्चा हुई। इसी के विषय में मैं अपनी बात कहना चाहता हूं। जनपद जालौन में उरई में मैडीकल कालेज बना पड़ा है। 105 एकड़ जमीन में वह मैडीकल कालेज बना है, वहां उसकी करीब 4-5 सौ करोड़ रुपये की लागत से बहुत अच्छी बिल्डिंग बनी हुई है। दुख इस बात का है कि वहां अभी कक्षाएं शुरू नहीं हुई हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां कोई बिल्डिंग नहीं बनी है, अभी दो बिल्डिंगें ऐसी हैं, जो नहीं बनी हैं और कक्षाएं चालू हो गई हैं। चूंकि वहां अत्यंत गरीबी है, पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, वहां गंभीर समस्यायें हैं, बीमारियां ज्यादा हैं, लोग भूख से तड़पकर मरते हैं। अभी बताया गया कि एमसीआई ने उसे मान्यता नहीं दी, एमसीआई उसे मान्यता दे और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश करें कि उसमें तत्काल कक्षायें चलायी जाएं, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार उस मेडिकल कालेज को बेचना चाहती है। मैं यह भी चाहता हूं कि बुंदेलखंड में, उरई में एम्स की तरह व्यवस्था हो, जिससे वहां की समस्या का समाधान हो सके।